भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

**विज्ञा. सं. : आईसीएमआर/आईजेएमआर/वाईपी-III/2026-27** **दिनांक : 10-11-2026**

## संविदा आधार हेतु रिक्ति-अधिसूचना

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन है, जो अपने नई दिल्ली में स्थित मुख्यालय कार्यालय में युवा पेशेवर-III (वैज्ञानिक (उत्पादन) एवं तकनीकी) के निम्नलिखित पदों को भरने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से **वॉक-इन-इंटरव्यू** के माध्यम से निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-I) में ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

पदों का विवरण, अपेक्षित शैक्षिक योग्यताएँ तथा अन्य विवरण निम्नानुसार हैं:

| क्र. सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | शैक्षिक योग्यता/अनुभव (अनिवार्य/वांछनीय) | अधिकतम आयु सीमा | मासिक पारिश्रमिक (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| **01** | **युवा पेशेवर-III [वैज्ञानिक-(उत्पादन)]** | एक (01) | अनिवार्य:<br><br>जीवन-विज्ञान/ फार्मेसी/ सांख्यिकीय/ सामाजिक कार्य/समाज-शास्त्र में स्नातकोत्तर/ बीएएमएस, बीएसएमएस, न्यूनतम 55% अंकों के साथ आयुष में एमडी और संबंधित क्षेत्र में योग्यता उपरांत 5 वर्ष कार्य करने का अनुभव।<br><br>वांछनीय (कार्य क्षेत्र/कर्तव्य):<br><br>संपादित पांडुलिपियों का उत्पादन और प्रसंस्करण।<br>(i) समेकित प्रकाशनों को सुविधाजनक बनाने के लिए तथा जर्नल वेबसाइट पर पांडुलिपियों के ऑनलाइन शीघ्र प्रकाशन के लिए आईजेएमआर उत्पादन टीम के साथ मिलकर काम करना।<br>(ii) गैली प्रूफ संशोधन, अनुमोदन आदि को सुविधाजनक बनाने हेतु लेखकों के साथ पत्राचार करना। | 40 वर्ष | 50,000/- |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2. | **युवा पेशेवर-III (तकनीकी)** | एक (01) | अनिवार्य:<br>जीवन विज्ञान/फार्मेसी/सांख्यिकीय/समाज कार्य/समाज-शास्त्र में स्नातकोत्तर अथवा बीएएमएस, बीएसएमएस, न्यूनतम 55% अंकों के साथ आयुष में एमडी तथा संबंधित क्षेत्र में योग्यता प्राप्ति के उपरांत कार्य करने का 5 वर्ष का अनुभव।<br><br>वांछनीय योग्यता (कार्य क्षेत्र/कर्तव्य):<br>(i) डेटा प्रबंधन/डेटा प्रविष्टियों का ज्ञान।<br>(ii) एसक्यूओएल जैसे विद्वतापूर्ण प्लेटफॉर्मों पर कार्य करने का अनुभव। | 40 वर्ष | 50,000/- |

**नियुक्ति की अवधि**

1. युवा पेशेवर(रों) की प्रारंभिक नियुक्ति **एक वर्ष** की की अवधि के लिए होगी। उक्त अवधि के पश्चात कार्य की आवश्यकता एवं उनसे संबंधित नियंत्रक अधिकारी द्वारा किए गए प्रदर्शन मूल्यांकन के आधार पर मामले-दर-मामले विस्तार किए जाने पर विचार किया जा सकता है।
2. युवा पेशेवर की नियुक्ति पूर्णकालिक संविदा आधार पर होगी तथा संविदा की अवधि के दौरान उन्हें किसी अन्य अंशकालिक या पूर्णकालिक कार्य/अन्य कोई भी कार्य करने की अनुमति नहीं होगी।

**सामान्य शर्तें :**

1. युवा पेशेवर, देश के गोपनीयता संबंधी कानूनों के अधीन होंगे तथा कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व गोपनीयता की घोषणा और अप्रकटीकरण करार पर हस्ताक्षर करने होंगे।
2. यह नियुक्ति, परिषद में किसी भी प्रकार के नियमित कार्य या अन्य प्रकार की नियुक्ति नहीं मानी जाएगी।
3. नियुक्ति की अवधि के दौरान वाईपी को आचरण के निर्धारित मानकों का अनुपालन करना होगा। इसका अनुपालन न करना, पूर्व सूचना दिए बिना ही उनकी सेवाएँ समाप्त करने का आधार बनेगा।
4. वाईपी का अनुबंध अस्थायी प्रकृति का होगा और इसे किसी भी समय, पूर्व सूचना दिए बिना तथा कारण बताए बिना समाप्त किया जा सकता है। हालांकि सामान्य परिस्थितियों में किसी भी पक्ष द्वारा कोई कारण बताए बिना एक माह का नोटिस देकर संविदा को समाप्त किया जा सकता है।

**युवा पेशेवर(रों) को देय पारिश्रमिक :**

1. इसका समेकित पारिश्रमिक 50,000/- रु. प्रतिमाह है। संविदा की अवधि के दौरान कोई वार्षिक वेतनवृद्धि, मकान किराया भत्ता अथवा महंगाई भत्ता देय नहीं होगा।
2. कार्यभार ग्रहण करने या कार्य समाप्ति/संविदा की समाप्ति पर किसी प्रकार का यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता अथवा नियोक्ति भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा। हालांकि, युवा पेशेवर(रों) को सरकारी कार्य के संबंध में देश के भीतर की गई यात्रा के लिए, सेवानिवृत्ति के समय उसकी पात्रता के अनुसार, यथा एसआर 190(A) के अधीन यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता (टीए/डीए) की अनुमति होगी।
3. चूँकि यह पद पूर्णतः अस्थायी एवं संविदा आधार पर है और सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाएँ जैसे मानदेय, आवासीय सुविधा, सीजीएचएस, भविष्य निधि, अवकाश यात्रा रियायत, टेलीफोन प्रतिपूर्ति, परिवहन सुविधा, निजी स्टाफ, चिकित्सा सुविधा आदि युवा पेशेवर के लिए उपलब्ध नहीं होंगी।
4. सरकारी नियमों एवं विनियमों के अनुसार सभी कर लागू होंगे और आय स्रोत से कटौती की जाएगी।

**छुट्टी**

परिषद में भारत सरकार/आईसीएमआर के नियमानुसार युवा पेशेवर प्रति कैलेंडर यथानुपात आधार पर वर्ष में 08 दिन के अवकाश तथा 02 प्रतिबंधित अवकाश लेने के पात्र है। छुट्टी की अवधि के दौरान आने वाले साप्ताहिक अवकाश एवं राजपत्रित अवकाश अनुमन्य अवकाश नहीं माने जाएंगे। उपयोग न की गई छुट्टियों को अगले कैलेंडर वर्ष में नहीं जोड़ा जाएगा। इसके अलावा, अवकाश के दिनों में कार्य करने पर प्रतिपूरक अवकाश दिया जा सकता है, परंतु एक माह में अधिकतम 02 अवकाश ही अर्जित कर सकता है। एक समय में अधिकतम 05 दिनों का प्रतिपूरक अवकाश संचित किया जा सकता हैं तथा तीन माह के भीतर इसका उपयोग किया जा सकता है।

महिला युवा पेशेवर, मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के अनुसार मातृत्व अवकाश की हकदार होगी। यद्यपि, पुरुष युवा पेशेवर को पितृत्व अवकाश प्रदान नहीं किया जाएगा।

**कार्यालय-समय**

परिषद के मानदंडों तथा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा समय-समय पर जारी किए गए संशोधित अनुदेशों के अनुसार कार्यालय समय एवं समय का अनुपालन संबंधी अनुदेशों के अनुसार कार्यालय का समय होगा।

कार्यालय समय के उपरांत का कार्य करने हेतु कोई अतिरिक्त लाभ देय नहीं होगा। बिना वैध कारण के लगातार 08 दिनों तक अप्राधिकृत रूप से अनुपस्थिति रहने पर यह नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जाएगी।

**कार्य करने हेतु प्रदान की जाने वाली सुविधाएँ**

युवा पेशेवर को केवल कार्यालय में मूलभूत सुविधाएँ एवं आधारभूत संरचना प्रदान की जाएगी। निवास स्थान पर परिवहन, टेलीफोन अथवा इंटरनेट जैसी कोई सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी।

**डेटा एवं दस्तावेजों की गोपनीयता**

युवा पेशेवर कार्यालय में नियुक्ति/अनुसंधान कार्य के दौरान प्राप्त किसी भी डेटा या सांख्यिकीय आंकड़ों या प्रक्रिया या सूचना किसी तृतीय पक्ष के साथ उपयोग या प्रकाशन या प्रकटीकरण अथवा हस्तांतरण नहीं करेंगे। संविदा की समाप्ति अथवा अवधि पूर्ण होने से पूर्व तथा अंतिम भुगतान जारी करने से पहले, युवा पेशेवर संबंधित कार्यों का संपूर्ण रिकॉर्ड एवं सहायक दस्तावेज कार्यालय को सौंपने के लिए बाध्य होगा। इस उद्देश्य से युवा पेशेवर को संस्थान के साथ एक गोपनीयता करार पर हस्ताक्षर करने होंगे, जिसमें नैतिकता एवं सत्यनिष्ठा संबंधी प्रावधान शामिल होंगे।

**हितों का टकराव**

इस कार्यालय द्वारा नियुक्त युवा पेशेवर किसी भी परिस्थिति में ऐसे मामलों में किसी अन्य व्यक्ति को राय अथवा परामर्श नहीं देगा जो इस कार्यालय के हितों के प्रतिकूल हो। नियुक्ति अवधि के दौरान प्रदान की गई किसी भी सलाह अथवा सेवा के लिए युवा पेशेवर स्वयं पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे तथा उन पर व्यावसायिक नैतिकता एवं पेशेवर मानदंडों मानकों का पूर्ण अनुपालन करने का दायित्व है।

**संविदा की समाप्ति**

**आईसीएमआर निम्न परिस्थितियों में अनुबंध को समाप्त कर सकता है:**

क) यदि, युवा पेशेवर सौंपे गए कार्यों को निष्पादित करने में असमर्थ होता हो, तो।
ख) यदि कार्य की गुणवत्ता से विभाग की संतुष्टि के अनुरूप न हो।
ग) युवा पेशेवर विभाग द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने में विफल रहता है, तो।
घ) युवा पेशेवर की ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा में कमी पाई जाती है, तो।
ड़) सौंपा गया कार्य पूरा होने पर युवा पेशेवर की आवश्यकता न, हो, तो।

च) आईसीएमआर युवा पेशेवर को एक माह की पूर्व सूचना देकर संविदा समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। संविदा समाप्ति से, दूसरे पक्ष को समाप्ति से पहले मिले अधिकारों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**भर्ती-प्रक्रिया**

| **विवरण** | **जानकारी** |
|---|---|
| **आवेदन एवं चयन प्रक्रिया का माध्यम** | वॉक-इन-इंटरव्यू<br>(कृपया आवेदन पत्र, पासपोर्ट आकार का फोटो, अनुभव प्रमाण-पत्र तथा सभी अपेक्षित दस्तावेजों की मूल प्रतियां एवं एक स्व-प्रमाणित फोटोकॉपी सेट के साथ उपस्थित हों।) |
| **स्थान** | वी. रामलिंगस्वामी भवन, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), अंसारी नगर, नई दिल्ली – 110029 |
| **तारीख एवं समय** | 04 दिसंबर 2026, प्रातः 10:00 बजे से |
| **स्पष्टीकरण के लिए संपर्क** | **ijmrrecruitment23@gmail.com** |

नोट अभ्यर्थियों को निर्धारित आवेदन-पत्र के साथ नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो तथा जन्मतिथि, शैक्षिक योग्यता, संबंधित योग्यता-उपरांत अनुभव, पहचान-पत्र एवं श्रेणी प्रमाण-पत्र (जहाँ लागू हो) की स्व-प्रमाणित प्रतियाँ प्रस्तुत करनी होंगी। सत्यापन के समय मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

**1.** आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि वे विज्ञापन में वर्णित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। उनके पास वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नंबर होना चाहिए, जो पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रहे।

**2.** अपूर्ण, अहस्ताक्षरित अथवा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन बिना किसी पत्राचार के सीधे अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

**3.** आवेदन जमा होने के बाद उसमें किसी प्रकार का संशोधन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अतः सभी विवरण सावधानीपूर्वक भरें। इस संबंध में किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

**4.** प्रत्येक पद के लिए अलग से आवेदन प्रस्तुत करना होगा। चयनित अभ्यर्थियों को पद आवंटन का निर्णय सक्षम प्राधिकारी द्वारा अपने विवेकानुसार किया जाएगा।

**5.** निर्धारित तारीख एवं समय के बाद उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत चर्चा/साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**6.** अंतिम चयन का परिणाम आईसीएमआर की वेबसाइट https://www.icmr.nic.in पर प्रदर्शित किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को ई-मेल द्वारा भी सूचना दी जाएगी। टेलीफोन आदि के माध्यम से अलग से कोई सूचना नहीं दी जाएगी।

**अन्य नियम एवं शर्तें**

**1.** गलत अथवा झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर किसी भी चरण में उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है।

**2.** यदि किसी भी चरण में अभ्यर्थी अयोग्य पाया जाता है, तो उसकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जाएगी। चयन होने के बाद भी पात्रता की शर्तें पूरी न पाए जाने पर चयन निरस्त कर दिया जाएगा। नियुक्ति के पश्चात भी अयोग्य पाए जाने पर सेवाएँ बिना सूचना एवं बिना किसी प्रतिपूर्ति के समाप्त की जा सकती हैं।

**3.** किसी भी प्रकार की सिफारिश, राजनीतिक अथवा बाहरी प्रभाव का उपयोग चयन प्रक्रिया में अयोग्यता माना जाएगा तथा ऐसे अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया से वंचित किया जा सकता है।

**4.** आयु सीमा एवं अनुभव की गणना आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के अनुसार की जाएगी।

**5.** अनुभव प्रमाण-पत्र में रोजगार की अवधि के दौरान किए गए कार्यों की प्रकृति तथा कार्यकाल का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

**6.** अभ्यर्थी के अनुभव को अनिवार्य पात्रता के रूप में स्वीकार किए जाने हेतु अनुभव प्रमाण-पत्र में रोजगार अवधि के दौरान किए गए कार्यों की प्रकृति तथा नियुक्ति की अवधि का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

**7.** अनुभव की गणना न्यूनतम अनिवार्य शैक्षिक योग्यता पूर्ण करने की तिथि से की जाएगी। योग्यता एवं अनुभव संबंधित विषय/क्षेत्र तथा प्रतिष्ठित संस्थान से होना चाहिए।

**8.** साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा में भाग लेने हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा तथा यात्रा एवं आवास की व्यवस्था अभ्यर्थियों को स्वयं करनी होगी।

**9.** केवल आवश्यक अर्हता/अनुभव पूर्ण होने पर उम्मीदवार के चयनित होने की गारंटी नहीं है।

**10.** केंद्र सरकार/राज्य सरकार/स्वायत्त विभाग/पीएसयू में नियमित सेवा कर रहे अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

**11.** महानिदेशक, परिषद बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार रखते है। इस संबंध में किसी प्रकार का पत्राचार अथवा सिफारिश स्वीकार नहीं की जाएगी।

**12.** अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने पर संस्थान आवेदनों की छंटनी किए जाने हेतु मानदंड निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**13.** युवा पेशेवर की नियुक्ति निधि की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकता तथा सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति पर निर्भर करेगी। अतः परिषद सभी पदों को भरने के लिए बाध्य नहीं है तथा भर्ती प्रक्रिया को किसी भी समय वापस लिया, निरस्त या संशोधित किया जा सकता है।

**14.** आईसीएमआर आवश्यकतानुसार पदों की संख्या बढ़ाने या घटाने अथवा भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करने या पुनः विज्ञापित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**15.** खराब कनेक्शन अथवा किसी भी पक्ष से कनेक्शन विफल होने की स्थिति के लिए आईसीएमआर उत्तरदायी नहीं होगा।

**16.** नियुक्ति का प्रस्ताव विज्ञापन में उल्लिखित मूल प्रमाण-पत्रों के सत्यापन के अधीन होगा।

**17.** चयनित अभ्यर्थियों को परिषद मुख्यालय के साथ संविदात्मक नियुक्ति के करार पर हस्ताक्षर करने होंगे।

**18.** यह पद निर्धारित अवधि हेतु संविदा आधार पर है तथा किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस देकर बिना कारण बताए समाप्त किया जा सकता है।

**29.** संतोषजनक कार्य निष्पादन एवं परियोजना की आवश्यकता के आधार पर नियुक्ति का नवीनीकरण किया जा सकता है।

**20.** यह पद पूर्णतः अस्थायी एवं संविदा आधार पर भरा जा रहा है। अभ्यर्थी को परिषद मुख्यालय अथवा किसी अन्य परियोजना में स्थायी नियुक्ति अथवा सेवा निरंतरता का कोई दावा नहीं होगा।

**21.** उपरोक्त रिक्ति से संबंधित कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र केवल परिषद की वेबसाइट **https://www.icmr.nic.in** पर प्रकाशित किया जाएगा। प्रेस में अलग से कोई सूचना जारी नहीं की जाएगी।

**22.** अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि व्यक्तिगत चर्चा में उपस्थित होने से पूर्व उक्त वेबसाइट का अवलोकन अवश्य करें ताकि किसी भी परिवर्तन की जानकारी प्राप्त हो सके।

**23.** युवा पेशेवर एवं संस्थान के बीच सेवा शर्तों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा महानिदेशक, परिषद द्वारा किया जाएगा तथा उनका निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

**24.** परिषद सहमति प्राप्त अथवा विस्तारित संविदा अवधि के दौरान भी बिना कारण बताए युवा पेशेवर की नियुक्ति समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**25.** परिषद अपने विवेकानुसार किसी भी समय भर्ती प्रक्रिया को निरस्त या संशोधित कर सकता है।

**26.** महानिदेशक, परिषद का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

**महानिदेशक, आईसीएमआर**

# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

## नई दिल्ली

नवीनतम
छायाचित्र

जीवन-वृत्त/आवेदन-प्रपत्र

विज्ञापन सं:

1. आवेदित पद का नाम……..…
2. पूरा नाम (सुस्पष्ट अक्षरों में)……
   (प्रथम नाम) (मध्य नाम) (उपनाम/अंतिम नाम)
3. माता का नाम ……
4. पिता का नाम ……
5. पत्राचार का पता……
   ……
6. टेलीफोन/मो. नम्बर……
7. ई मेल आई डी……
8. स्थायी पता……
   ……
9. जन्म-तिथि……
10. श्रेणी (एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/अनारक्षित वर्ग)……जाति:……
11. वैवाहिक स्थिति (विवाहित/अविवाहित)……
12. लिंग (पुरुष/महिला/अन्य)……
13. शैक्षिक योग्यताएं (मैट्रिकुलेशन या समकक्ष परीक्षा से शुरु करते हुए सभी अकादमिक परीक्षाएं और प्राप्त डिग्रियों का विवरण दें):

| **क्र. सं.** | **उत्तीर्ण परीक्षा** | **उत्तीर्ण करने की तारीख** | **बोर्ड/विश्वविद्यालय/** | **अंकों का %** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

14. अपने स्नातकोत्तर की विशेषज्ञता/विषय का उल्लेख करें……
15. क्या आपके पास स्नातकोत्तर के बाद 5 वर्ष का कार्य अनुभव है(हां/नहीं)……
16. यदि बिंदु संख्या 15 में आपका उत्तर 'हाँ' है, तो कृपया निम्न विवरण भरें (वर्तमान नियोक्ता से प्रारंभ करते हुए कालानुक्रमिक क्रम में)

| **क्र.सं.** | **…… से** | **…… तक** | **धारित पद** | **नियोक्ता का नाम** | **ड्यूटी की प्रकृति** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

आवेदित पद की उपयुक्तता के लिए कुल प्रासंगिक अनुभव.....माह.....वर्ष

नोट: यदि कोई अतिरिक्त जानकारी हो, तो कृपया उसे अलग कागज़ पर अथवा इस पृष्ठ के पीछे दे सकते है।

**घोषणा:**

मैं एतद्द्वारा घोषित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दिया गया विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण एवं सही है। मैं समझता/समझती हूँ कि यदि मेरे द्वारा दी गई कोई भी जानकारी किसी भी चरण में असत्य पाई जाती है, तो बिना किसी पूर्व सूचना तथा उसके बदले किसी भी प्रकार की प्रतिपूर्ति के बिना मेरी उम्मीदवारी अथवा नियुक्ति रद्द की जा सकती है या समाप्त की जा सकती है।

**स्थान:**

**दिनांक:**

**हस्ताक्षर.....**

**उम्मीदवार का नाम.....**

**संलग्नक:** सभी प्रमाण-पत्रों/प्रशंसापत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियाँ।